**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**31.10.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से भारत की प्रगति में एकजुट व समर्पित रहने की अपील की।
- लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ 50वीं जयंती पर देशभर में रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने रेणुका विधानसभा क्षेत्र में 29 करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए लोकार्पण व शिलान्यास।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– कांग्रेस सरकार के 3 साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार, अराजकता और माफिया राज को मिला संरक्षण।
- कुल्लू के नग्गर में देव संसद का आयोजन– देवताओं ने देवस्थलों से छेड़छाड़ पर जताई नाराज़गी।

**प्रधानमंत्री–एकता दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की अपील की है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इससे विकसित भारत का सपना साकार होगा। वे आज गुजरात के एकता नगर में लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज़ादी के बाद, सरदार पटेल ने 5 सौ 50 से ज़्यादा रियासतों को एकजुट करके 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण को साकार करके असंभव काम कर दिखाया।

प्रधानमंत्री ने करोड़ों लोगों द्वारा ली गई एकता की शपथ में देशव्यापी भागीदारी पर कहा कि इससे राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के सामूहिक संकल्प की पुष्टि हुई है।

**रन फॉर यूनिटी**

इधर सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ 50वीं जयंती के मौके पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। धर्मशाला में रन फॉर यूनिटी मैराथन का भव्य आयोजन किया गया जिसमें नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल के योगदान को नमन करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इधर, शिमला में प्रदेश भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने सी.टी.ओ. चौक से चौड़ा मैदान के लिए एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और देश के गठन में सरदार पटेल के योगदान को याद किया। इधर, सिरमौर ज़िला के नाहन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

**अनुराग ठाकुर**

उधर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य पर ऊना व हमीरपुर में रन फॉर यूनिटी दौड़ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने आधुनिक और एकजुट भारत की नींव रखी। ऊना में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देशभर में आयोजित रन फॉर यूनिटी ने लोगों को एकता के सूत्र में बांधने का संदेश दिया।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से रेणुका विधानसभा क्षेत्र के लिए साढ़े 29 करोड़ रूपए की लागत की 5 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इनमें संगड़ाह तहसील के माइनाबाग में 6 करोड़ 47 लाख रूपए की लागत से निर्मित आई.टी.आई. भवन और नौहराधार में 2 करोड़ 20 लाख रूपए से बनी सब–मार्किट यार्ड के पहले चरण का उद्घाटन शामिल है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग माइनाबाग में मौजूद रहे।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सुख की सरकार के नाम से व्यवस्था परिवर्तन करने वाली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के लोगों को 3 साल के कार्यकाल में दुख ही दुख दिए हैं। धर्मशाला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार के इस कार्यकाल में सत्ता समर्थित भ्रष्टाचार, अराजकता और माफिया राज को संरक्षण मिला है, जिसका खामियाज़ा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने 3 साल का कार्यकाल केवल झूठ बोलने में ही निकाल दिया और प्रदेश में विकास के सभी कार्य ठप्प पड़े हैं। उन्होंने सुक्खू सरकार पर कांगड़ा के साथ भेदभाव करने के भी आरोप लगाए। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 30 करोड़ जमा नहीं करवा पाई और पालमपुर विश्वविद्यालय की 40 हैक्टेयर ज़मीन भी बेच दी है।

**जगती**

कुल्लू ज़िला के नग्गर के जगती पट्ट में आज देव संसद का आयोजन किया गया जिसमें 2 सौ 44 देवी–देवताओं ने हिस्सा लिया। इस जगती में देवी–देवताओं ने देव स्थलों से छेड़छाड़ पर नाराज़गी जताते हुए लोगों को इसके परिणामों के प्रति आगाह भी किया। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू ज़िला संवाददाता

**इंदिरा गांधी पुण्यतिथि**

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि आज संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्वर्गीय इंदिरा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान देश के प्रति स्वर्गीय इंदिरा गांधी के बलिदान को याद किया गया। अग्निहोत्री ने देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**कार्यशाला**

प्रधान महालेखाकार शिमला कार्यालय द्वारा लाहौल–स्पीति ज़िले के काज़ा में पैंशन, जी.पी.एफ. अदालत और लेखा कार्यशाला व पैंशन अदालत का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ काज़ा के नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने किया। इस दौरान पैंशन व जी.पी.एफ. मामलों को तैयार करते समय नियमों की जानकारी और इससे संबंधित मामलों को समयपूर्व महालेखाकार कार्यालय को भेजने के बारे में विस्तृत जानकारियां साझा की गईं। पैंशन अदालत में काज़ा उपमण्डल के सभी आह्रण व सवितरण अधिकारियों सहित प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

**धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में आज घुमारवीं में विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे सड़क निर्माण व रख–रखाव कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की है। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व रख–रखाव पर विशेष बल दिया। धर्माणी ने कहा कि विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों को लेकर कई अवरोध हैं, जिन्हें दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और नाबार्ड के तहत निर्मित सड़कों की मैंटेनेंस की अवधि में संबंधित ठेकेदार द्वारा रख–रखाव कार्य किया जाएगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से भारत की प्रगति में एकजुट व समर्पित रहने की अपील की।
- लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ 50वीं जयंती पर देशभर में रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने रेणुका विधानसभा क्षेत्र में 29 करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए लोकार्पण व शिलान्यास।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– कांग्रेस सरकार के 3 साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार, अराजकता और माफिया राज को मिला संरक्षण।
- कुल्लू के नग्गर में देव संसद का आयोजन– देवताओं ने देवस्थलों से छेड़छाड़ पर जताई नाराज़गी।